Roll No. | | | | | |

**INDIAN SCHOOL SALALAH**

**FIRST TERM EXAMINATION – SEPTEMBER 2025**

**(SECOND LANGUAGE HINDI - 085)**

**Class: VI**

**Time: 3 Hrs** (कुल पृष्ठ - 5 कुल प्रश्न - 18) **Maximum Marks: 80**

---

**खण्ड - क**

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर छाँटिए: -** 5X1=5

कल्पना चावला भारतीय मूल की प्रथम महिला अंतरिक्ष यात्री (**ASTRONOUT**) थी। कल्पना का जन्म हरियाणा के करनाल जिले में 01 जुलाई 1961 को एक व्यापारी परिवार में हुआ था। कल्पना अपने परिवार में चार भाई-बहनों मे सबसे छोटी थीं। उनके पिता का नाम बनारसी लाल चावला और माता का नाम संजयोती है। कल्पना ने शुरुआत की पढ़ाई करनाल के टैगोर स्कूल से प्राप्त की थी। कल्पना चावला ने 1982 में चंडीगढ़ के पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज से एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। कल्पना चावला ने नासा ऐम्स रिसर्च सेंटर (**NASA Ames Research Centre**) में काम करना शुरू किया । 1994 में नासा ने कल्पना को अंतरिक्ष यात्री के रूप में चयन किया। उन्होंने अपना पहली अंतरिक्ष यात्रा 19 नवम्बर 1997 को अंतरिक्ष शटल कोलंबिया से की थी। 01 फरवरी 2003 को कल्पना अपनी दूसरी अंतरिक्ष यात्रा पूर्ण कर पृथ्वी पर लौट रही थी, तभी अचानक यान के इंजन में खराबी आ जाने के कारण यान में भयंकर विस्फोट हुआ और कल्पना अपने साथियों के साथ अंतरिक्ष में ही विलीन हो गई। कल्पना चावला एक एस्ट्रोनॉट होने के साथ ही बहुत ही क्रिएटिव भी थी उन्हें नृत्य और साइकिल चलाना भी पसंद था।

**प्रश्नः-**

**क. कल्पना ने अपनी इंजीनियरिंग की शिक्षा कहाँ से प्राप्त की?**

**i.** करनाल से **ii.** नासा से **iii.** चंडीगढ़ से

**ख. कल्पना ने अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा कब की थी?**

**i.** 09 नवम्बर 1997 को **ii.** 19 नवम्बर 1907 को **iii.** 19 नवम्बर 1997 को

**ग. कल्पना के पिता जी का नाम क्या था?**

**i.** रामजी लाल चावला **ii.** बनारसी लाल चावला **iii.** सुंदर लाल चावला

**घ. कल्पना को किन-किन चीजों में रूचि थी?**

**i.** नृत्य और साइकिल चलाना **ii.** दौड़ना और साइकिल चलाना **iii.** तैरना और नृत्य करना

**ङ कल्पना का जन्म कहाँ हुआ था**?

**i.** चंडीगढ़ में **ii.** करनाल में **iii.** दिल्ली में

2. **वचन बदलिएः-** **2X½=1**

लता, सभा

3. **लिंग बदलिएः-** **4X½=2**

माली, भगवान, ठाकुर, जेठ

4. **विलोम शब्द लिखिएः-** **4X½=2**

परिचित, आय, गरीब, सज्जन

5. **दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिएः-** **2X1=2**

देश, संसार

6. **उचित सर्वनाम शब्दों से वाक्यों की पूर्ति कीजिएः-** **4X½=2**

क. मैं अपना काम--------- कर लूँगा।

ख. वहाँ सीढ़ियों में ......... खड़ा है?

ग. जिसकी लाठी ........ भैंस।

घ. शायद बाहर ........ आया है।

**7.** **भविष्यतकाल की उचित क्रियाओं से वाक्यों की पूर्ति कीजिएः-** **4X½=2**

क. हम आज जयपुर ------------। (जा)

ख. मेरे चाची जी खाना ----------। ( खा)

ग. पिता जी क्रिकेट ----------। (खेल)

घ. तुम कब मेरा गाना .........। (सुन)

**8.** **निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिएः-** **4X½=2**

क. सीता क्रिकेट खेल रहा था।

ख. मोहन पलंग पर लेटी थे।

ग. मेरे नाना जी आम लाया।

घ. लड़के शोर मचा रही थी।

9. **निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिएः-** **2X1=2**

सिर पीटना, दिल काँपना

10. **किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिएः-** **5**

मेरा जीवन लक्ष्य, स्वतंत्रता दिवस

11. पर्वतीय यात्रा का वर्णन करते हुए मित्र को पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम आने पर मित्र को बधाई पत्र लिखिए।

12. बाल दिवस की तैयारी के संबंध में दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए। 5

13. **चित्र देखकर लगभग 40-50 शब्दों में अपने विचार लिखिएः-** 5



**<u>खण्ड-ख</u>**

14. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **5X1=5**

विभु काका एक दम बदल गए थे। पहले कोट-पैंट पहना करते थे । किन्तु अब खादी का कुरता-पाजामा और साधारण-सी चप्पलें पहनते थे। विभु काका ने अमरीका में कृषि-विज्ञान की पढ़ाई की थी। उसके बाद भारत लौटकर दिल्ली के पूसा कृषि अनुसंधान संस्थान में वर्षों तक काम करते रहे। अकसर वे यूरोप, अमरीका की यात्रा पर निकल जाते थे। विदेश में बसने के लिए उन्हें वहाँ की सरकारों ने बड़े-बड़े प्रलोभन भी दिए थे किन्तु काका को तो अपना देश ही प्यारा था। काका अब पूरी तरह बदल चुके थे - एकदम किसान बन गए थे।

**क. विभु काका ने कृषि-विज्ञान की पढ़ाई कहाँ की थी?**

**i.** भारत में **ii.** दिल्ली में **iii.** अमरीका में

**ख. काका को कौन-सा देश प्यारा था?**

**i.** भारत **ii.** अमरीका **iii.** यूरोप

**ग. विभु काका पहले क्या पहना करते थे?**

**i.** कोट **ii.** पेंट **iii.** उपर्युक्त दोनों

**घ. विभु काका अकसर कहाँ निकल जाते थे?**

**i.** एशिया, अमरीका **ii.** अमरीका, यूरोप **iii.** अफ्रीका, यूरोप

**ङ विभु काका कहाँ काम करते थे?**

**i.** जयपुर के पूसा कृषि अनुसंधान संस्थान में

**ii.** अमरीका के पूसा कृषि अनुसंधान संस्थान में

**iii.** दिल्ली के पूसा कृषि अनुसंधान संस्थान में

15. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-** **5X1=5**

आया सुभग सवेरा राही
अग-जग की निद्रा टूटी
अरुण किरण अंबर में छूटी
किया मलय ने फेरा राही।
डाल-डाल में फूटी कोंपल,
स्वर्णिम, ताम्र, नील और उज्जवल,
किसने रंग बिखेरा राही.
आया सुभग सवेरा राही।
तुम भी अपनी आँखें खोलो
कनक-किरण के जल में धो लो,
मन का मिटे अँधेरा राही
आया सुभग सवेरा राही।

**क) जग की निद्रा कब टूटी है**?

**i.** अँधेरा होने पर **ii.** सवेरा होने पर **iii.** बरसात होने पर

**ख) सवेरा किसका प्रतीक है**?

**i.** नई शुरुआत का **ii.** आलस्य का **iii.** उपर्युक्त दोनों

**ग) कवि आँखों को किससे धोने के लिए कह रहा है**?

**i.** कनक-किरण के जल से **ii.** गुलाब जल से **iii.** मीठे जल से

**घ) कवि किसका अँधेरा मिटाने की बात कर रहे हैं**?

**i.** मन का **ii.** संसार का **iii.** देश का

**ङ) अंबर में कौन-सा रंग फैल गया है**?

**i.** काला **ii.** लाल **iii.** हरा

16. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 20-25 शब्दों में लिखिएः-** 5x2=10

क. काका दूसरे गाँव क्या करने गए थे?

ख. लाला सदानंद ने पत्रिकाएँ देखकर उन्हें क्या सुझाव दिया?

ग. भारतवासियों के लिए हिंदी महत्वपूर्ण क्यों है?

घ. गोभी का झाबा डिब्बे के अंदर कैसे लाया गाया?

ङ मलय ने अपनी दिशा क्यों बदल दी है?

17. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिएः-** 5x3=15

क. कौन-सी बातें हैं जिनसे गाँवों का स्वरूप बदला जा सकता है?

ख. पंडित शादीराम के लिए एक-एक पैसा मोहर जैसा क्यों था?

ग. हिंदी सभी धर्मों में एकता कैसे लाती है?

घ. गोभी के फूल को लाने में लेखक को किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा?

ङ हम अपने मन का अँधेरा किस प्रकार मिटा सकते हैं?

18. **सहपाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः-**

क. सुभाषचंद्र बोस ने यह पत्र कब लिखा**?** 1

ख. लेखक ने भारतमाता को अभागी क्यों कहा है**?** 2

ग. लेखक ने देश के पतन का क्या कारण बताया है**?** 2

---------